'जनता की पीड़ा जैसे-जैसे बढ़ेगी, पीडीए और मजबूत होगा'

लखनऊ, 22 फरवरी (भाषा)।

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और कुशासन बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जनता की पीड़ा बढ़ेगी, पीडीए और मजबूत होगा।

यादव ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के विकास के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा, 'हमें विकास नहीं मिल रहा है। वह कहां है? जो पाइपलाइन बिछाई जा रही हैं, वे भ्रष्टाचार की पाइपलाइन हैं।' उन्होंने मूलभूत ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं में गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए दावा किया कि खराब गुणवत्ता की वजह से पानी की टंकियां फट रही हैं और जमीन पर भ्रष्टाचार दिख रहा है। यादव ने कहा, 'जैसे-जैसे लोगों की पीड़ा बढ़ेगी, हमारा पीडीए (पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक) आंदोलन बढ़ेगा।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रस्तावित जापान यात्रा पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा, 'मैंने सुना है कि मुख्यमंत्री जापान जा रहे हैं लेकिन क्योटो नहीं जा रहे हैं? उन्हें वहां जाकर देखना चाहिए कि यहां क्या किया जाना था और पिछले 10 सालों में क्या नहीं कर पाए।'

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Govt- of India Undertaking)

Where service is a way of life

आंचलिक कार्यालय: प्रथम तल, सतगुरु टावर, सीपी-47 ए, इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, सेक्टर ई, जानकीपुरम, लखनऊ 226021
फोन: 0522-4012733, ई-मेल: zo.lucknow@psb.co.in

ईएमडी दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 24/03/2026, सायं 05:00 बजे तक

बिक्री के लिए सम्पत्ति website : punjabandsind.bank.in, baanknet.com

क्र0 सं0	खाते का नाम	सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / जमा बयाना राशि / बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सम्पत्ति की छवि के लिए क्यूआर कोड	सेवा प्रदाता के लिए क्यूआर कोड
	शाखा: बशारतपुर, गोरखपुर-273003					
1.	**ऋणकर्ता: श्री वेदनाथ सिंह पुत्र स्व० विद्या सागर सिंह** पंजीकृत पता:- 26 बैजनाथपुर टोला- भलुआहवा, पोस्ट- बालापार जिला गोरखपुर- 273007 **सह ऋणकर्ता एवं बंधककर्ता: मिथिलेश पत्नी वेदनाथ सिंह** पंजीकृत पता:- 26 बैजनाथपुर टोला- भलुआहवा, पोस्ट- बालापार जिला गोरखपुर- 273007 **जमानतकर्ता: श्री मेवा लाल पुत्र दूबर प्रसाद** पंजीकृत पता:- 41, पासी टोला, बैजनाथपुर पोस्ट-बालापार जिला गोरखपुर-273007 **खाता सं0: 11701200000200**	संपत्ति का सभी भाग एवं खण्ड स्थित मौजा-बैजनाथपुर टप्पा- मराची चंदौर, परगना- हवेली, तहसील-सदर, जिला गोरखपुर, आराजी संख्या 510, क्षेत्रफल-320.00 वर्ग मीटर। टाइटल डीड का विवरण- बही संख्या 1, जिल्द संख्या 4705, पृष्ठ संख्या 258 से 302, क्रम संख्या 7505 पर, दिनांक 15-12-2007 को उप-रजिस्ट्रार कार्यालय, तहसील सदर, जिला गोरखपुर में पंजीकृत। **चौहद्दी: (बिक्री विलेख के अनुसार): पूरब:** निचली भूमि, **पश्चिम:** काजिर खान एवं मुसाफिर खान की भूमि, **उत्तर:** विक्रेता की भूमि, **दक्षिण:** शिवबली, वेद प्रकाश एवं अन्य की भूमि। **चौहद्दी: (साइट के अनुसार): पूर्व:** 7.5 मी0 चौड़ी सड़क, **पश्चिम:** काजिर खान एवं मुसाफिर खान की भूमि, **उत्तर:** श्री गुप्ता जी का मकान, **दक्षिण:** शिवबली, वेद प्रकाश एवं अन्य की भूमि।	20,80,000/- / 2,08,000/- / 20,800/-	25.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे		
2.	**ऋणकर्ता एवं बंधककर्ता: श्री कन्हैया लाल पुत्र मोती लाल सिंह** पंजीकृत पता:- 92-ए मिर्ज़ापुर वार्ड नंबर 41 गोरखपुर 273001 **जमानतकर्ता: श्री जितेंद्र कुमार मझवार पुत्र महेंद्र प्रसाद** पंजीकृत पता:- 159, बक्शीपुर अलाव कबाड़ी के बगल में गोरखपुर -273001 **खाता सं0: 11701200000201**	संपत्ति का सभी भाग एवं खण्ड स्थित मकान सं. 219-एन, मौजा - नरसिंहपुर, टप्पा-करबा, परगना- हवेली, तहसील सदर जिला गोरखपुर, आराजी संख्या 59 का, क्षेत्रफल-800 वर्ग फीट। टाइटल डीड का विवरण- बही संख्या 1, जिल्द संख्या 4735 पृष्ठ संख्या 357 से 376 क्रम संख्या 6308 पर दिनांक 11-08-2003 को उप-रजिस्ट्रार कार्यालय, तहसील सदर, जिला गोरखपुर में पंजीकृत। **चौहद्दी: (विलेख के अनुसार): पूर्व:** आपा का मकान, **पश्चिम:** 12 फीट चौड़ी सड़क, **उत्तर:** पारस नाथ का मकान, **दक्षिण:** अबरार की भूमि। **चौहद्दी: (साइट के अनुसार): पूर्व:** श्रीमती आपा का मकान, **पश्चिम:** 12 फीट चौड़ी सड़क, **उत्तर:** अबरार अहमद का शेड, **दक्षिण:** अबरार अहमद का शेड।	32,00,000/- / 3,20,000/- / 32,000/-	25.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे		
	शाखा: गोलघर, गोरखपुर-273001					
3.	**ऋणकर्ता/प्रो0 एवं बंधककर्ता: मेसर्स दीपराज कंस्ट्रक्शन्स प्रोप. दीपक सिंह पुत्र गंगा सिंह,** 120, पटवारी टोला तुर्कमानपुर, गोरखपुर। **प्रो0 सह बंधककर्ता: श्री दीपक सिंह पुत्र गंगा सिंह,** निवासी मकान नंबर 249ए, तुर्कमानपुर पटवारी टोला, गोरखपुर। **बंधककर्ता/जमानतकर्ता : श्री संदीप सिंह पुत्र गंगा सिंह,** निवासी मकान नंबर 249बी, तुर्कमानपुर पटवारी टोला, गोरखपुर।	संपत्ति का सभी भाग एवं खण्ड जिसमें मकान सं. 249ए, तुर्कमानपुर पटवारी टोला, गोरखपुर शामिल है। एरिया 71 वर्ग मी0 टाइटल डीड का विवरण - सेल डीड बही सं. 1 जिल्द सं0 8632 पृष्ठ संख्या 101 से 138 क्रम संख्या 11252 पर दिनांक 18-10-2012 को रजिस्ट्रार/उप रजिस्ट्रार कार्यालय सदर जिला गोरखपुर में पंजीकृत। **चौहद्दी: पूरब:** गोलऊ एवं अन्य के घर, **पश्चिम:** सामान्य रोड, **उत्तर:** शंभू शरण सिंह एवं अन्य के मकान, **दक्षिण:** यमुना का मकान।	71,00,000/- / 7,10,000/- / 7,100/-	25.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे		
	जमानतकर्ता 1. श्री यमुना सिंह पुत्र शमशेर सिंह, निवासी मकान नंबर 249ए, तुर्कमानपुर पटवारी टोला, गोरखपुर, **2. श्री गंगा प्रसाद सिंह पुत्र शमशेर सिंह,** निवासी मकान नंबर 249बी, तुर्कमानपुर पटवारी टोला, गोरखपुर। **खाता सं0: 03171300002323**					
	शाखा: एलडीए कॉलोनी, लखनऊ-226012					
4.	**ऋणकर्ता: श्रीमती मधूलिका श्रीवास्तव पत्नी श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव। सह-ऋणकर्ता: श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र सीता कांत श्रीवास्तव। जमानतकर्ता: श्री रवींद्र कुमार गुप्ता।**	आवासीय सम्पत्ति का सभी भाग एवं खण्ड स्थित मकान सं. 537, ब्लॉक एफ, राजाजीपुरम, लखनऊ, जिसका भूमि क्षेत्रफल 49.30 वर्ग मी0 या 530.00 वर्ग फिट है। टाइटल डीड का विवरण: बही सं0 1, जिल्द सं0 9325, पृष्ठ 359 से 374, क्रम सं0 1682 में तारीख 10/02/2014 को पंजीकृत। **चौहद्दी: पूरब: 25 फिट चौड़ी सड़क, पश्चिम:** अन्य मकान, **उत्तर:** मकान सं0 535, **दक्षिण:** मकान सं0 539	40,00,000/- / 4,00,000/- / 4,000/-	25.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे		
5.	**ऋणकर्ता: श्री आनंद प्रकाश द्विवेदी पुत्र श्री सूर्य प्रकाश द्विवेदी। सह-ऋणकर्ता: श्रीमती रेखा द्विवेदी पत्नी श्री आनंद प्रकाश द्विवेदी। जमानतकर्ता: श्री आशीष कुमार सिंह पुत्र हरगोविंद सिंह।**	आवासीय सम्पत्ति का सभी भाग एवं खण्ड स्थित मकान सं0 645ए/1458 खसरा सं. 291, सरस्वती पुरम मड़ियांव, जानकीपुरम, लखनऊ, जिसका क्षेत्रफल 47.40 वर्ग मीटर या 510.00 वर्ग फीट है। टाइटल डीड का विवरण: बही संख्या 1, जिल्द सं. 6246, पृष्ठ 317 से 336, क्रम सं0 9645 पर दिनांक 25/09/2009 को पंजीकृत। **चौहद्दी: पूर्व:** मुकेश कुमार का प्लॉट, **पश्चिम:** अनीता सिंह का प्लॉट, **उत्तर:** तुलसी का खेत, **दक्षिण:** मकान रोड 8'0" चौड़ी।	30,00,000/- / 3,00,000/- / 3,000/-	25.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे		
6	**ऋणकर्ता: श्री कमला प्रसाद नाविक पुत्र श्री श्री जवाहर लाल। सह-ऋणकर्ता: श्रीमती सुरसती पत्नी श्री कमला प्रसाद नाविक। जमानतकर्ता: श्री फारूक अहमद पुत्र श्री रजाक अहमद।**	आवासीय सम्पत्ति का सभी भाग एवं खण्ड स्थित ईएस-2/317, सेक्टर एफ, जानकीपुरम योजना, लखनऊ, जिसका भूमि क्षेत्र 30.00 वर्ग मीटर या 322 वर्ग फीट है। टाइटल डीड का विवरण: बही संख्या 1, जिल्द संख्या 10734, पृष्ठ 93 से 136, क्रम सं0 13551 पर दिनांक 20/09/2013 को पंजीकृत। **चौहद्दी: पूर्व:** मकान संख्या ईएस 2/312, **पश्चिम:** सड़क 6.0 मीटर चौड़ी, **उत्तर:** मकान संख्या ईएस 2/316, **दक्षिण:** मकान संख्या ई एस 2/318	22,72,000/- / 2,27,200/- / 2,272/-	25.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे		
7	**ऋणकर्ता: कौशलेंद्र सिंह पुत्र स्व० विक्रम सिंह। जमानतकर्ता: श्री मृदुल मिश्रा पुत्र श्री राम यश मिश्रा एवं श्रीमती देवी पत्नी श्री कौशलेंद्र सिंह।**	आवासीय संपत्ति का सभी भाग एवं खण्ड स्थित मकान सं0 5/86 सेक्टर एच, आम्रपाली योजना, आईआईएम रोड, वार्ड हरदोई रोड योजना, लखनऊ। जिसका भूमि क्षेत्रफल 40.74 वर्ग मीटर या 439 वर्ग फीट है। टाइटल डीड का विवरण: बही संख्या 1, जिल्द संख्या 12289, पृष्ठ 233 से 276, क्रम सं. 20509 पर दिनांक 19/12/2014 को पंजीकृत। **चौहद्दी: पूर्व:** मकान संख्या एच 5/69, **पश्चिम:** सड़क 6.0 मीटर चौड़ी, **उत्तर:** मकान संख्या एच 5/87, **दक्षिण:** मकान संख्या एच 5/85	17,32,000/- / 1,73,200/- / 1,732/-	25.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे		
8	**ऋणकर्ता: श्री लक्ष्मण कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव। सह-ऋणकर्ता: श्री हेमंत कुमार श्रीवास्तव पुत्र ओम प्रकाश श्रीवास्तव। जमानतकर्ता: श्री दीपक मिश्रा पुत्र श्री प्रेम कुमार मिश्रा।**	आवासीय संपत्ति का सभी भाग एवं खण्ड स्थित मकान सं. एसएसई/95 सेक्टर सी, सीतापुर रोड योजना, वार्ड भारतेन्दु हरिश्चंद्र लखनऊ, जिसका भूमि क्षेत्रफल 66.15 वर्ग मीटर या 712.00 वर्ग फीट है। टाइटल डीड का विवरण: बही संख्या 1, जिल्द संख्या 12381, पृष्ठ 273 से 342, क्रम सं0 742 पर दिनांक 16/01/2015 को पंजीकृत। **चौहद्दी: पूर्व:** 4 मीटर चौड़ी सड़क, **पश्चिम:** ग्राम की सीमा, **उत्तर:** मकान सं0 एसएसई/सी96, **दक्षिण:** ग्राम सबौली।	42,00,000/- / 4,20,000/- / 4,200/-	25.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे		
	शाखा: सीतापुर					
9.	**ऋणकर्ता: मेसर्स आदर्श रेडीमेड स्टोर (प्रो0 श्री आदर्श साहू) ऋणकर्ता: श्री आदर्श साहू पुत्र रामजी दास साहू। ऋणकर्ता/बंधककर्ता: श्रीमती ऊषा साहू पत्नी रामजी दास साहू। जमानतकर्ता: श्री जितेंद्र कुमार राठौर पुत्र दिवारी लाल एवं श्री कुणाल साहू पुत्र रामजी दास साहू।**	आवासीय संपत्ति का सभी भाग एवं खण्ड स्थित प्लॉट सं0 14 कोठी सं0 108 पर भूमि का हिस्सा 1497पीपी मोहल्ला सिविल लाइंस परगना खैराबाद सीतापुर यूपी जिसका भूमि क्षेत्रफल 95.22 वर्ग मीटर या 1025 वर्ग फीट है एवं टाइटल डीड का विवरण: बही संख्या 1, जिल्द संख्या 219, पृष्ठ 101 से 132, क्रम सं0 140 पर दिनांक 16-01-1993 को पंजीकृत। **चौहद्दी: पूर्व:** राम अवतार साहू का प्लॉट, **पश्चिम:** स्टेट बैंक कॉलोनी, **उत्तर:** 18 फीट रोड, **दक्षिण:** शरीफ गद्दी का प्लॉट सं0 15	53,70,000/- / 5,37,000/- / 5,370/-	25.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे		
	शाखा: जायस, लखनऊ					
10.	**ऋणकर्ता: मेसर्स शोएब ब्रिक फील्ड प्रोप्राइटर: श्री मोहम्मद नसीम पुत्रे मोहम्मद सफी। जमानतकर्ता: श्रीमती खलीकुन पत्नी मोहम्मद शफी एवं श्री मोहम्मद रफीक पुत्र मोहम्मद नसीर।**	संपत्ति का सभी भाग एवं खण्ड स्थित भूमि भूखंड संख्या 1533 पर स्थित ग्राम- तेंदुआ परगना रोखा तहसील-तिलोई जिला-अमेठी, क्षेत्रफल: 0.666 हेक्टेयर, टाइटल डीड: बृक संख्या 01 खंड 2796 पृष्ठ संख्या: 255-270 क्रम संख्या 753 पर दि0 14.02.2019 को कार्यालय उप-रजिस्ट्रार तिलोई में पंजीकृत। **चौहद्दी: पूर्व:** चक मार्ग, उसके बाद जान मोहम्मद की कृषि भूमि, **पश्चिम:** मोहम्मद नईम की कृषि भूमि, **उत्तर:** रामनेवाज की कृषि भूमि, **दक्षिण:** अकेलवा से नसीराबाद रोड।	36,80,000/- / 3,68,000/- / 3,680/-	25.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे		
	शाखा: हरदोई					
11.	**ऋणकर्ता: मेसर्स नरसिंह मेडिकल स्टोर प्रो0 आशीष पांडे पुत्र बाबू राम पांडे** रजिस्टर्ड पता-सराय थोक पश्चिम लक्ष्मी पुरवा, बिलग्राम रोड हरदोई यूपी पिन 241001 **प्रोप: श्री आशीष पांडे पुत्र बाबू राम पांडे** निवासी मकान सं0 349 राधा नगर बिलग्राम चुंगी हरदोइ, यूपी पिन 241001 **जमानतकर्ता: 1. श्री सुनील कुमार पांडे पुत्र श्याम नाथ पांडे** निवासी 492 भदैचा भदैया हरदोई यूपी पिन 241001,	आवासीय सम्पत्ति का सभी भाग एवं खण्ड, जो भूमिखंड सं0 902 का हिस्सा है, स्थित हरदोई देहात (नगर पालिका से बाहर), परगना बांगर, जिला हरदोई। क्षेत्रफल: 167.22 वर्ग मी0 टाइटल डीड का विवरण: बही सं0 1 जिल्द सं0 1773 पृष्ठ सं0 371 से 382 क्रम सं0 6468, 20-11-1999 को रजिस्ट्रार/सब रजिस्ट्रार कार्यालय हरदोई जिला हरदोई में पंजीकृत। **चौहद्दी: पूर्व:** विक्रेती की भूमि, **पश्चिम:** श्रीमती बिटोली देवी का प्लॉट, **उत्तर:** नाला, **दक्षिण:** बुद्ध प्रकाश दीक्षित का खेत।	33,00,000/- / 3,30,000/- / 3,300/-	25.03.2026 प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे		
	2. श्री बाबू राम पांडे पुत्र ब्रज किशोर निवासी मकान सं0 349 राधा नगर बिलग्राम चुंगी हरदोई, पिन 241001, साथ ही- लालमिश्र कन्नौज यूपी 209725 खाता सं0: 10071300000034 - 10071200000386					

स्थान: लखनऊ

प्राधिकृत अधिकारी- पंजाब एण्ड सिंध बैंक

बदायूं : बारातियों से भरी बस और रोडवेज की टक्कर, तीन की मौत

बदायूं, 22 फरवरी (भाषा)।

बदायूं जिले के उझानी क्षेत्र में रविवार सुबह बरेली-मथुरा राजमार्ग पर बारातियों को ले जा रही एक निजी बस और एक रोडवेज बस की आमने-सामने टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई तथा 15 अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताते हुए अधिकारियों को घायलों को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार निजी बस शाहजहांपुर जिले के बाराकला गांव से बारातियों को लेकर कासगंज जिले के नगला भम्मा की ओर जा रही थी कि इसी दौरान जरोलिया मोड़ पर सामने से आ रही एक रोडवेज बस से उसकी टक्कर हो गई।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) हृदयेश कुमार ने बताया कि इस घटना में तीन बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान सोनू (22), कृष्ण कुमार (14), और योगेश (38) के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि इस घटना में 15 अन्य लोग भी घायल हुए हैं जिन्हें बदायूं के सरकारी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को बरेली और सैफई के हायर मेडिकल सेंटर में रेफर किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी वजह से राजमार्ग पर कुछ देर के लिए यातायात अवरुद्ध हो गया। बाद में पुलिस ने मलबा हटवा कर यातायात फिर से शुरू कराया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख जताते हुए अपने शोक संदेश में मृतकों के परिजन के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को हादसे में घायल हुए लोगों को बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए हैं।

ट्रक से टकराई कार, हादसे में डाक्टर की मौत

सहारनपुर, 22 फरवरी (जनसत्ता)।

सहारनपुर जनपद के थाना नागल क्षेत्र में स्टेट हाईवे पर एक कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में उमरा से लौट रहे डाक्टर की मौत हो गई, जबकि एक बच्चे सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सहारनपुर जनपद के नागल क्षेत्र में गागलहेड़ी-मुजफ्फरनगर स्टेट हाईवे पर साधारण सिर चौराहे के पास बीती देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। आगे चल रहे ट्रक में पीछे से कार टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार सवार डाक्टर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान बेहट कोतवाली क्षेत्र के गांव पठलोकर निवासी 41 वर्षीय डाक्टर आबिद अली के रूप में हुई है।

मोटरसाइकिलों की टक्कर में युवक की गई जान

चंदौली, 22 फरवरी (जनसत्ता)।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़या में रविवार की दोपहर लगभग एक बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर के बाद दर्दनाक हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार एक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग तथा स्पलेंडर मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग आपस में टकरा गए। टक्कर के बाद बुलेट अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े नीम के पेड़ से जा भिड़ी। जिससे हादसे में बुलेट चला रहे इंदल यादव (27) पुत्र पोतन यादव, निवासी खुरुहूजा थाना बबुरी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। बुलेट पर सवार अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें परिजनों द्वारा उपचार के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर ले जाया गया है।

'गुलाम मानसिकता वाले बिकाऊ लोगों से सावधान रहें बसपा कार्यकर्ता'

लखनऊ, 22 फरवरी (भाषा)।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को अपने कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि वे 'गुलाम मानसिकता' वाले 'बिकाऊ लोगों' से सावधान रहें। मायावती ने पार्टी की अखिल भारतीय बैठक में संगठन को मजबूत बनाने व सर्वसमाज में पार्टी के जनाधार को बढ़ाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा,'बहुजन समाज के उत्थान के बजाय, अपने थोड़े से स्वार्थ के लिए कार्य करने वाले गुलाम मानसिकता व बिकाऊ लोगों से सावधान रहें। ऐसे लोग बसपा के कारण ही आगे बढ़े। वे जब बसपा के नहीं हुए तो वे समाज के सच्चे हितैषी कैसे हो सकते हैं? ऐसे लोगों तथा उन्हें शरण देने वाली पार्टियों से भी अति सावधानी जरूरी है।' माना जा रहा है कि मायावती का यह परोक्ष निशाना कभी सबसे करीबी सहयोगी रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी पर था जो हाल में ही समाजवादी पार्टी में शामिल हुए हैं।

मायावती ने बैठक में विरोधी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन पार्टियों की सरकारों की गरीब, किसान और बहुजन विरोधी, संकीर्ण, शोषणकारी और द्वेष पूर्ण नीतियों और भ्रष्ट क्रियाकलापों तथा कथनी एवं करनी में अंतर के कारण वे अपनी विश्वसनीयता तेजी से खो रहे हैं, लिहाजा बसपा से जनता की उम्मीदें बढ़ गई हैं। बसपा प्रमुख ने कहा कि पार्टी जैसे-जैसे और जहां-जहां मजबूत होती जाएगी, विरोधियों के षडयंत्र भी लगातार बढ़ते जाएंगे, जिसका डट कर सामना करते हुए कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ते रहना है और अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए सत्ता की 'मास्टर चाबी' प्राप्त करने का लक्ष्य प्राप्त करना है।

खबर कोना

गश्त में लापरवाही के आरोप में चौकी प्रभारी निलंबित

बरेली, 22 फरवरी (जनसत्ता)।

एसएसपी अनुराग आर्य ने गश्त में लापरवाही के आरोप में थाना सुभाष नगर की करगैना पुलिस चौकी के प्रभारी पवन कुमार को रविवार को निलंबित कर दिया है। उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। थाना सुभाष नगर क्षेत्र की करगैना पुलिस चौकी क्षेत्र में शनिवार को घर में घुसकर बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद हत्यारे फरार हो गए और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। क्षेत्र की जनता ने चौकी प्रभारी पवन कुमार पर लापरवाही के आरोप लगाए थे। एसएसपी ने प्रथम दृष्टया चौकी प्रभारी को घटना के लिए दोषी मानते हुए निलंबन की कार्रवाई की है। उन्होंने मामले की विस्तृत विभागीय जांच के आदेश भी दिए हैं।

लोगों की पसंद बन रही है सुकन्या समृद्धि योजना

हापुड़, 22 फरवरी (जनसत्ता)।

बेटियों के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य के लिए संचालित सुकन्या समृद्धि योजना जिले में लगातार लोगों की पसंद बन रही है। पिछले चार वर्षों में जिले में 9729 नए खाते खोले गए हैं, जिनमें 17.48 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है। हालांकि चालू वित्तीय वर्ष में भी खातों की संख्या के साथ निवेश में भी जारी है। डाक विभाग योजना के प्रचार-प्रसार के लिए घर-घर संपर्क अभियान और सार्वजनिक स्थानों पर शिविर आयोजित कर रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत वर्ष 2015 में शुरू की गई योजना में दस वर्ष से कम आयु की बेटियों के नाम पर अभिभावक खाता खुलवा सकते हैं। न्यूनतम 250 रुपये और अधिकतम 1.50 लाख रुपए तक वार्षिक निवेश की सुविधा है। वर्तमान में 8.2 फीसद वार्षिक ब्याज दिया जा रहा है, साथ ही आयकर में छूट का लाभ भी मिलता है।

लठमार होली के अवसर पर हुड़दंगियों से निपटने के लिए प्रशासन तैयार

मथुरा, 22 फरवरी (जनसत्ता)।

मथुरा जिले में लठमार होली सहित अन्य आयोजनों के संभावित हुड़दंगियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष तैयारी की है।

जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि बरसाना से लेकर श्रीकृष्ण जन्मभूमि तक सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मी 'हुरियारों' और आम श्रद्धालुओं के वेश में भीड़ के बीच तैनात रहकर हुड़दंगियों और संदिग्धों पर नजर रखेंगे। दोनों शीर्ष अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षा के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी का भी इस्तेमाल किया जाएगा। संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर 'एंटी-सेबोटाज टीम (एएसटी) और बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इनके अलावा ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है।

पारिवारिक विवाद में पत्नी की हत्या

मिर्जापुर, 22 फरवरी (जनसत्ता)।

जिले कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के रेवना स्थित पहाड़ी पर पति ने पारिवारिक विवाद में पति ने कुकर से सर पर वार कर पत्नी की हत्या कर दी । पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। घटना रविवार सुबह की है।

अपर पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार सिंह ने बताया कि इलाका पुलिस को सुबह दस बजे रेवना में एक महिला की मृत्यु का खबर मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को जानकारी मिली कि कपूर चंद्र पुत्र स्वर्गीय बसंत लाल निवासी ग्राम रेवना थाना को कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा अपनी पत्नी चंदा देवी उम्र करीब 48 वर्ष की पारिवारिक विवाद में मारकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा घटना से संबंधित अभियुक्त कपूर चंद्र को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है तथा मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया है।

पहल पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए है अनुकूल

प्राकृतिक तत्त्वों से तैयार किया जा रहा है गुलाल

सुरेंद्र सिंघल
सहारनपुर, 22 फरवरी।

होली के पावन पर्व को सतरंगी और सुरक्षित बनाने के लिए सहारनपुर नगर निगम ने एक अनूठी पहल की है। नगर निगम द्वारा संचालित मां शाकुंभरी कान्हा उपवन गोशाला में गाय के गोबर और प्राकृतिक तत्त्वों से विशेष 'गोमय गुलाल' तैयार किया गया है। यह गुलाल इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश की तमाम बड़ी हस्तियों को उपहार स्वरूप भेजा जाएगा। मां शाकुंभरी कान्हा उपवन गोशाला प्रदेश की पहली ऐसी गोशाला बन गई है, जो गोमय गुलाल का व्यावसायिक उत्पादन कर रही है।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य श्रद्धा के साथ स्वच्छता और पर्यावरण को जोड़ना तथा

गोशाला को आत्मनिर्भर बनाना है। नगर निगम की ओर से यह सुरक्षित गुलाल उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ-साथ हरियाणा, बिहार, दिल्ली और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों व केंद्रीय मंत्रियों को भी भेजा जा रहा है। नगरायुक्त शिपू गिरि ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपनी खुशियों को दोगुना करने के लिए इस 'गोमय गुलाल' का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि यह निगम की एक अनूठी पहल है जो पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए अनुकूल है। गोशाला प्रभारी डा संदीप मिश्रा ने बताया कि शहर के साथ-साथ आनलाइन माध्यमों से भी इस गुलाल की भारी मांग आ रही है। इसे भगवा, पीला, गुलाबी, हरा और लाल जैसे पांच आकर्षक रंगों में तैयार किया गया है। यह गुलाल पूरी तरह से केमिकल मुक्त है, जिससे आंखों और त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचता। बायो-डिग्रेडेबल होने के कारण यह पर्यावरण के लिए भी पूरी तरह सुरक्षित है। आमजन की सुविधा के लिए नगर निगम ने इसे 100 और 200 ग्राम के आकर्षक पैकेटों में उपलब्ध कराया है। लोग इसे नगर निगम परिसर, शहर के प्रमुख आउटलेट्स के साथ-साथ आनलाइन प्लेटफार्म्स के माध्यम से भी घर बैठे मंगा सकते हैं।